आकाशवाणी श्री विजयपुरम

03.10.2024 समय : 1850

- मिडिल स्ट्रेट से कुछ किलोमीटर दूरी पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं।
- द्वीपसमूह के विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाली पड़े सीटों के लिए हुए उप–चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने बड़ी सफलता हासिल की है ।
- स्वराज द्वीप के राधा नगर में समुद्र के भीतर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाने का प्रयास किया जाएगा।
- हिमाचल प्रदेश के नगरोटा में शुरू हो रहे राष्ट्रीय भारतोलन चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की टीम बाईस वर्षों बाद भाग लेगी।

<><><><><><><>

मिडिल स्ट्रेट से कुछ किलोमीटर दूरी पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और अब इसे आवाजाही के लिए प्रतिबंधों के साथ पुनः खोल दिया गया है। इस पुल से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों को सोलह मिट्रिक टन माल ही ले जाने की अनुमति होगी और इस दौरान वाहनों की गति दस किलोमीटर प्रतिघंटा होनी चाहिए। एक समय में एक ही वाहन को पुल पार करने की अनुमति होगी।

इस बीच, अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटेर के अध्यक्ष एम विनोद ने पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद बाराटांग में पर्यटकों के फंसे होने के कारण प्रशासन की ओर से उनके लिए तुरंत बस सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपना आभार प्रकट किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। दो हजार चौदह में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री तथा आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है, जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं। दस साल पहले मन की बात का प्रारंभ तीन अक्टूबर को विजय दशमी के दिन हुआ था। मन की बात के इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। मन की बात के करोड़ो श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी है, जिनका मुझे निरन्तर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने–कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराई। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाली पड़े सीटों के लिए हुए उप–चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने बड़ी सफलता हासिल की है। लिटिल अंडमान तहसील में रामकृष्णपुर निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं के लिए आरक्षित प्रधान पद के उप–चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सेउली मंडल ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शर्मिला माली को पराजित किया। पर्णशाला ग्राम पंचायत में रामपुर–दो में सदस्य की सीट में भारतीय जनता

पार्टी के मिथुन डुंगडुंग, दशरथपुर–तीन में सदस्य की सीट पर भाजपा के ही एल. के बरोई, रंगत–दस में सदस्य की सीट में भारतीय जनता पार्टी के एम. शक्ति ने जीत दर्ज की, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। मनारघाट–एक में सदस्य की सीट में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पी अब्दुल रज़ाक को निर्विरोध चुना गया। इन चुनावों के लिए उनतीस सितम्बर को वोट डाले गए थे और एक अक्तूबर को मतगणना का कार्य सम्पन्न हुआ।

<><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र श्री विजयपुरम की ओर से अन्य कॉलेजों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। फोर शोर रोड में चलाए गए अभियान में सांसद बिष्णु पद रे स्वयं उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं के साथ बातचीत की और उनसे द्वीपों के विकास में योगदान देने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी से द्वीपों को स्वच्छ और हरा–भरा बनाए रखने के लिए सहयोग देने की भी कामना की।

<><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में प्रशासन के राजभाषा विभाग की ओर से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कल दिन में दस बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में इसका समापन समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><>

स्वराज द्वीप के राधा नगर में समुद्र के भीतर कई सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस बनाने का प्रयास किया जाएगा। इनमें समुद्र के भीतर सबसे बड़े झंडे को फहराना, सबसे बड़ी मानव श्रृंखला का निर्माण करना और समुद्र के भीतर लम्बी ह्यूमन स्टैक बनाना शामिल है। अगले महीने के मध्य में यह प्रयास किया जाएगा। लम्बी मानव श्रृंखला बनाने के प्रयासों के रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों के वास्ते चयन पात्रता भी निर्धारित की गई है। यह स्पर्धा राधा नगर तट में ग्यारह से सत्रह नवम्बर के बीच हो सकता है। इस अवसर के लिए सिर्फ भारतीय नागरिक ही पात्र होंगे। इसके अलावा इस वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयासों में जिन लोगों को शामिल किया जाएगा, उनके लिए नियम और शर्तों के साथ प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया गया है। विवरण और पंजीकरण फार्म अंडमान पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे तीस अक्तूबर की शाम पांच बजे तक स्वीकार किया जाएगा।

<><><><><><>

वैज्ञानिक तरीके से घर के पिछवाड़े मुर्गी पालन के बारे में जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र नींबूडेरा की ओर से पिछले दिनों कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नींबूडेरा, मायाबंदर और डिगलीपुर में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को घर के पिछवाड़े मुर्गी पालन और इसके प्रबधंन, विपणन के साथ संतुलित चारा और बीमारियों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

द्वीपों के युवाओं को उद्योग से संबंधित कार्यों में उनके कौशल विकास के लिए डीब्रेट की ओर से अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई है। नाबार्ड के सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नाबार्ड की महाप्रबंधक अर्चना सिंह ने कौशल विकास प्रयासों, विशेषकर सामुद्रिक क्षेत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीब्रेट से नाबार्ड के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कौशल प्रशिक्षण के लिए समझौता करने का भी अनुरोध किया। मुम्बई के एक कम्पनी के निदेशक रवि भाटिया ने कहा कि कई संस्थान युवाओं के भविष्य के लिए काम कर रही है। डीब्रेट के प्राचार्य डॉ. उत्पल शर्मा ने सभी से अनुशासित होकर निष्ठा के साथ काम करने को कहा।

इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष शंकर राव ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**<><><><><><><>**

हिमाचल प्रदेश के नगरोटा में छः अक्तूबर से शुरू हो रहे राष्ट्रीय भारतोलन चैम्पियनशिप में अंडमान निकोबार की टीम भी भाग लेगी। बाईस वर्षों के बाद द्वीपों की टीम इस चैम्पियनशिप में भाग लेगी और इसके लिए द्वीपों से चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चुने गए ये सभी खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण, कार निकोबार के आवासीय छात्र हैं और वर्तमान में वे साई कोच चितम्बरम राजन की निगरानी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक गैर सरकारी संगठन की ओर से साई कार निकोबार के खिलाड़ियों को वित्तीय सहयोग भी प्रदान किया गया है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार विद्युत श्रमिक संघ के अध्यक्ष एन पेद्दाराजू ने विभाग में खाली पड़े पदोन्नति के पदों को भरने और मजूदर के पदों में नियुक्ति करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कतीस मिलीमीटर, मायाबंदर में उनतीस दशमलव चार, ननकौड़ी में इक्कीस दशमलव एक, लांग आइलैंड में बीस दशमलव चार, हटबे में सत्रह दशमलव चार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा हुई। छः अक्तूबर तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**<><><><><><><>**